कार्यालय प्रथम अपील अधिकारी, जिला कलक्टर,दौसा

सुप्रभा के0 द्वारा श्री सुरेन्द्र कुमार गांधी, सुदर्शन निवास, गुरू नानकपुरा, करन सराय, सासाराम, (रोहताश) 821115

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा जिला दौसा

अपील संख्या 27/2022

निर्णय

दिनांक 18.04.2022

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा जिला दौसा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर वांछित सूचना/नकल हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा जिला दौसा को प्राप्त प्रार्थना पत्र एवं संलग्न पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/ सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। पत्रावली के अवलोकन से प्रकट होता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा जिला दौसा से संबंधित है। लोक सूचना अधिकारी, तहसीलदार बसवा जिला दौसा को इस कार्यालय के पत्र क्रमांकःडीएम कोर्ट/2022/533 दिनांक 16.3.2022 एवं स्मरण पत्र क्रमांकः 604 दिनांक 30.3.2022 के द्वारा पत्र जारी कर प्रार्थी को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। लोक सूचना अधिकारी तहसीलदार बसवा जिला दौसा द्वारा पत्र क्रमांकः भू0अ0/2022/4310 दिनांक 31.3.2022 के द्वारा वस्तुस्थिति की सूचना इस कार्यालय को प्रेषित की गई है, जिसके द्वारा अवगत कराया है कि आवेदक को चाही गई सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है, जिसकी प्रति पत्रावली में संलग्न है। इससे स्पष्ट है कि आवेदक को वांछित सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत कराया जा चुका है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(कमर चौधरी)
जिला कलक्टर, दौसा
जिला कलेक्टर,दौसा

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

Signature Not Verified

Digitally signed by Qummer Ul Zaman Choudhary
Date: 2022.05.19 16:17:43 IST
Reason: SelfAttested